Selection process at IBS- April 04, 2018

I)Rashtriya Sahara

इक्फाई विवि में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

देहरादून। इक्फाई विवि के बिजनेस स्कूल (आईबीएस) में प्रवेश के लिए चंयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चयन प्रक्रिया के तहत पात्र विद्यार्थियों ग्रुप डिस्कशन व इंटरव्यू की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस मौके पर प्रो-वीसी व आईबीएस के डीन डा. मुंद्दू विनय, प्रो. पुनीत गर्ग, डा. अमित जोशी, प्रो. संजीव मालवीय, तनुज जेटली समेत अनेक लोग माजूद थे।

ii)Uttarakhand Kesari

इक्फाई वि.वि. में कैम्पस चयन प्रक्रिया प्रारम्भ

देहरादून, 4 अप्रैल (स.ह.): इक्फाई विश्वविद्यालय से संबद्ध आई.बी.एस. में कैम्पस चयन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जानकारी देते हुए संस्थान के प्रवक्ता आस्थिक थपलियाल के अनुसार इस चयन प्रतियोगिता का आधार शैक्षिक योग्यता और अभ्यर्थी की विशिष्टता होगी।

उनका कहना है कि इक्फाई विश्वविद्यालय में न तो कोई कोटा पद्धति है और न ही प्रबंध तंत्र की कोई सीट है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं का चयन उनकी योग्यता, विशिष्टता और पारदर्शिता के माध्यम से होगी। उन्होंने कहा कि चयनित छात्र-छात्राओं को प्रदर्शन और कौशल के आधार पर विशेष बनाया जाता है, इसके लिए उन्हें कैम्पस में स्थान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

iii)Veer-Arjun

भटनागर, जयदेव नेगी, सलाम मिर्जा आदि ...

इक्फाई बिजनेस स्कूल में एडमिशन के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित

देहरादून, आजखबर। इक्फाई बिजनेस स्कूल में एडमिशन के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एडमिशन चयन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्रों के लिए ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया। इसके अलावा छात्रों के अकादमिक परफारमेंस को भी एडमिशन देते समय ध्यान में रखा गया। इक्फाई बिजनेस स्कूल में एडमिशन के लिए कोई कोटा सिस्टम या मैनेजमेंट सीट का विकल्प नहीं है। एडमिशन काबलियत के आधार पर मिलता है। उत्तराखंड का डोमिसाइल वालों को एवं महिलाओं को स्कालरशिप प्रदान की जाती है। एडमिशन सलेक्शन प्रक्रिया के दौरान इक्फाई विवि के वाइस चांसलर डा. पवन कुमार अग्रवाल, इक्फाई बिजनेस स्कूल की फैकल्टी डा. अमित जोशी, प्रो. संजीव नागलिया, मार्केटिंग डिवीजन के रीजनल मैनेजर तनुज जेटली आदि मौजूद रहे।